प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 17.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र से जनगणना में अलग सरना धर्म कोड की मांग दोहराते हुए कहा—आदिवासी समाज की पहचान के लिए अलग धर्म कोड जरूरी।
2. केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने नौवीं और दसवीं कक्षा के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन किया अनिवार्य।
3. जेईई एडवांस्ड परीक्षा को लेकर रांची में निषेधाज्ञा लागू, परीक्षा के दौरान विधि–व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति।
4. पलामू, गढ़वा और लातेहार को छोड़ राज्य के अन्य जिलों में आज और कल मेघगर्जन के साथ होगी बारिश, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।
5. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय महिला हॉकी के विकास में योगदान के लिए नीदरलैंड की कोच की सराहना की, देशवासियों से भारतीय टीम के समर्थन की अपील की।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र से अपील करते हुए कहा है कि देश के करोड़ों आदिवासी समाज के लोगों के अस्तित्व, आस्था, संस्कृति और पहचान के सम्मान के लिए अलग सरना धर्म कोड जरूरी है। अपने सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि जनगणना में आदिवासी समाज को अलग आदिवासी या सरना धर्म कोड मिलना चाहिए, ताकि उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को उचित मान्यता मिल सके।

*******************

जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत झारखंड में घर–घर सर्वे का कार्य शुरू हो गया। पहली बार डिजिटल माध्यम से हो रही इस जनगणना में स्व–गणना के बाद प्रगणक और पर्यवेक्षक घर–घर जाकर मकान सूचीकरण और मकानों की गणना करेंगे। यह अभियान 14 जून तक चलेगा। जनगणना निदेशालय के अनुसार राज्य के 24 जिलों में इस कार्य के लिए लगभग 65 हजार प्रगणक और 10 हजार 8 सौ अंठावन पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। पहले चरण में मकानों की गिनती, मकानों को नंबर देने और नक्शा तैयार करने का कार्य किया जाएगा।

*******************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी बी एस ई ने पहली जुलाई से कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य कर दिया है। बोर्ड ने एक वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय विद्यालय शिक्षा पाठ्यक्रम 2023 के अनुरूप इन तीन भाषाओं में से कम से कम दो भारतीय मूल की भाषाएं होनी चाहिए। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि कक्षा दसवीं में तीसरी भाषा–आर–थ्री के लिए कोई बोर्ड परीक्षा नहीं होगी और आर–थ्री के लिए सारा मूल्यांकन पूरी तरह से विद्यालय आधारित और आंतरिक होगा।

*******************

रांची जिला प्रशासन ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा–2026 के शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त आयोजन को लेकर परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू की है। यह आदेश आज सुबह छह बजे से रात साढ़े नौ बजे तक प्रभावी रहेगा। जिला प्रशासन के अनुसार शहर के दो परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में बीएनएसएस की धारा–163 के तहत प्रतिबंध लागू किया गया है। परीक्षा के दौरान विधि–व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

*******************

सिमडेगा पुलिस ने ऑपरेशन रेड हंट के तहत कार्रवाई करते हुए पीएलएफआई के धनेश्वर यादव उर्फ कारगिल को रांची से गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ बैजू उरांव ने बताया कि वह बानो थाना का वांरटी है।

*******************

रांची में बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस ने अल्बर्ट एक्का चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पेट्रोलियम पदार्थो में मूल्य वृद्धि के लिए केंद्र को जिम्मेदार ठहराया।

इधर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोगों को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थो के संकट से पूरा विश्व जूझ रहा है। प्रधानमंत्री ने महंगाई पर काफी नियंत्रण किया हुआ है। पेट्रोलियम पदार्थो पर 115 देशों में मूल्य वृद्धि हुई है।

*******************

कोडरमा थाना क्षेत्र के मिटको कॉलोनी में महिला की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। कोडरमा के एसपी  कुमार शिवशीष ने बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

*******************

मौसम विभाग के अनुसार 19 मई तक पलामू, गढ़वा और लातेहार में लू चलने की संभावना है। वहीं आज और कल राज्य के अन्य जिलों में बादल छाए रहने, 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने तथा गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय हॉकी के प्रति समर्थन और प्रोत्साहन व्यक्त किया है। नीदरलैंड्स के हेग दौरे के दौरान प्रधानमंत्री ने भारतीय महिला हॉकी के विकास में योगदान के लिए नीदरलैंड्स के मुख्य कोच सजोर्ड मारिजने की सराहना की। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से इस वर्ष नीदरलैंड्स और बेल्जियम में आयोजित होने वाले एफ़आइएच हॉकी पुरुष और महिला विश्व कप में भारतीय टीम का समर्थन करने की अपील भी की।

*******************

झारखंड स्टेट कबड्डी एसोसिएशन की विशेष आमसभा की बैठक आज सुबह 10 बजे से जमशेदपुर में आयोजित की जाएगी। झारखंड स्टेट कबड्डी एसोसिएशन ने बताया कि संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक में चर्चा की जाएगी।

*******************

हजारीबाग जिला चेस एसोसिएशन द्वारा चौथा एचडीसी ऑल इंडिया ओपन फाइड रेटिंग टूर्नामेंट 2026 का आयोजन हजारीबाग में किया जा रहा है। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में विधायक प्रदीप प्रसाद ने इसका उद्घाटन किया, जिसमें देशभर से 8 सौ से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट दो चरणों में होगा। पहला चरण 20 मई तक ओपन वर्ग के लिए और दूसरा चरण 21 से 24 मई तक एक हजार आठ सौ से कम रेटिंग वाले खिलाड़ियों के लिए होगा। जिसमें कुल 6 लाख 11 हजार रुपये के पुरस्कार रखे गए हैं।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने बालू घाटों की लीज मंजूरी और नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तारी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- प्रभात खबर ने लिखा है–नीट यूजी पेपर लीक मामले में महिला लेक्चरर गिरफ्तार।
- दैनिक भास्कर ने लिखा है– छह बड़े बालू घाटों की लीज डीड फाइनल, मॉनसून से पूर्व रिकार्ड स्टॉक की तैयारी।
- हिन्दुस्तान ने झारखंड के अदालतों में हाईब्रीड मोड में सुनवाई की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।
- दैनिक जागरण ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है–जेटेट से खुलेगा शिक्षकों के सहायक आचार्य बनने का रास्ता।

*************